# जनहित से जुड़े हर मुद्दे को सदन में रखें जनप्रतिनिधि : योगी आदित्यनाथ

## विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान भवन में सर्वदलीय बैठक को किया संबोधित
- मुख्यमंत्री की सभी राजनीतिक दलों से अपील, प्रदेश के विकास के लिए करें स्वस्थ चर्चा



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता पक्ष व विपक्षी दलों के जनप्रतिनिधियों (विधानसभा/ विधान परिषद सदस्यों) से कहा कि जनहित से जुड़े हर मुद्दे को सदन में रखें। साथ ही स्वस्थ चर्चा कर विकास को और गति प्रदान करने में सरकार का सहयोग करें।

उन्होंने विपक्षी दलों से सदन की कार्यवाही को सुचारु रूप से चलाने की अपील भी की। मुख्यमंत्री रविवार को विधान भवन में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में आयोजित सर्वदलीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

यह बैठक 3 अगस्त (सोमवार) से शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र के संचालन के संबंध में आयोजित की गई थी। बैठक में नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मानसून सत्र में आमजन से जुड़े मुद्दों पर स्वस्थ चर्चा होनी चाहिए। इससे प्रदेश का विकास भी होता है और जनता की समस्याओं का समाधान भी। जनप्रतिनिधि को जनता के हित से जुड़े हर मुद्दों को सदन में गंभीरता से उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सभी सदस्यों से अपील की कि सदन के सुचारु संचालन में सभी सदस्यों का सहयोग मिलना चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की बाधा न आए।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी सदन के सुचारु संचालन के लिए सभी सदस्यों का सहयोग मांगा। बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, वित्त/संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी से रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भैया', निषाद पार्टी विधानमंडल दल के नेता रमेश सिंह, अपना दल (एस) के आरके पटेल तथा राष्ट्रीय लोकदल के राजपाल बालियान आदि मौजूद रहे।

### सावन के पहले सोमवार की पूर्व संध्या पर

# केसरियामय हुई काशी, 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजे गंगाघाट

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** सावन माह के पहले सोमवार की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) पूरी तरह शिवमय और केसरियामय हो गई। रविवार तड़के से ही हजारों कांवड़ियों के जत्थे वाराणसी पहुंचने लगे और देर रात तक उनके आने का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा । 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से गंगाघाटों, प्रमुख मार्गों और बाबा विश्वनाथ धाम का पूरा क्षेत्र गुंजायमान है।

**बाबा के जलाभिषेक का उत्साह, थकान पर भारी रही आस्था :** लंबी पैदल यात्रा से सूजे पांव और छालों के बावजूद शिवभक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। रास्ते में कुछ देर विश्राम के बाद कांवड़िए पुनः बाबा विश्वनाथ के दरबार की ओर बढ़ते रहे। विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं शिवभक्तों द्वारा चितरंजन पार्क (दशाश्वमेध), गोदौलिया सहित कई स्थानों पर कांवड़ियों के लिए जलपान, चिकित्सा और विश्राम की व्यवस्था की गई है।

**गंगाघाटों पर आस्था का सैलाब :** दशाश्वमेध, प्राचीन शीतला एवं राजेंद्र प्रसाद घाट पर गंगा के बढ़े जलस्तर के बावजूद श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और कांवड़ में गंगाजल भरकर बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन के लिए मंदिर के विभिन्न प्रवेश द्वारों पर कतारबद्ध होते रहे।

**पहले सोमवार के जलाभिषेक के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ :** भगवान शिव को अत्यंत प्रिय सावन के पहले सोमवार पर जलाभिषेक करने की लालसा एक दिन पहले से ही स्पष्ट दिखाई देने लगी। वाराणसी, आसपास के जिलों के अलावा बिहार और मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवड़ लेकर काशी पहुंच रहे हैं।

प्रयागराज संगम से पवित्र जल लेकर लगभग 125 किलोमीटर की पदयात्रा करने वाले हजारों कांवड़िए भी सोमवार तक काशी पहुंचने की तैयारी में हैं। इनमें बड़ी संख्या में डाक बम भी शामिल हैं, जो तेज गति से दौड़ते हुए यात्रा पूरी करते हैं। गोदौलिया क्षेत्र में बनाए गए बैरिकेडिंग के भीतर रविवार से ही कांवड़ियों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं।

**सुकर्मा एवं सर्वार्थ सिद्धि योग में होगा जलाभिषेक :** इस वर्ष सावन के पहले सोमवार को सुकर्मा योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का शुभ संयोग बन रहा है। ज्योतिषीय दृष्टि से इस योग में भगवान शिव का जलाभिषेक अत्यंत फलदायी माना जाता है। यही कारण है कि कांवड़ियों के साथ-साथ स्थानीय श्रद्धालुओं में भी विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के अलावा तिलभांडेश्वर महादेव, गौरी केदारेश्वर महादेव, महामृत्युंजय महादेव, बैजनाथ महादेव, जागेश्वर महादेव, सारनाथ स्थित सारंगदेव महादेव, शूलटंकेश्वर महादेव सहित काशी के सभी प्रमुख शिवालयों में मंगल आरती के बाद जलाभिषेक और पूजन-अर्चन किया गया।

# एनसीसी कैडेट्स ने किया ऐतिहासिक प्रयागराज किले का भ्रमण, भारत की प्राचीन सभ्यता से हुए रुबरु

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, प्रयागराज :** राष्ट्र निर्माण योजना के अंतर्गत 15 यूपी बटालियन एनसीसी के कैडेट्स ने रविवार को प्रयागराज के ऐतिहासिक किले का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान कैडेट्स ने भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को करीब से जाना। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय, प्रयागराज के जनसंपर्क अधिकारी एवं प्रवक्ता विंग कमांडर देबार्थो धर ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य कैडेटों में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय गौरव, ऐतिहासिक चेतना तथा जिम्मेदार नागरिकता की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है।



विंग कमांडर देबार्थो धर ने बताया कि भ्रमण में 15 यूपी बटालियन के 20 सीनियर डिवीजन (एसडी) और 20 सीनियर विंग (एसडब्ल्यू) कैडेट शामिल हुए। कैडेटों ने किले के भीतर स्थित पवित्र अक्षयवट, प्राचीन पातालपुरी मंदिर, सरस्वती कुंड, ऐतिहासिक अशोक स्तंभ, राष्ट्रपति व्यू प्वाइंट तथा अक्षयवट तक जाने वाले भूमिगत मार्ग का अवलोकन किया। इसके अलावा उन्हें रंग महल और किले के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का भी भ्रमण कराया गया, जो सामान्य रूप से आम लोगों के लिए खुले नहीं रहते।

उन्होंने बताया कि ओडी फोर्ट के कमांडेंट ने कैडेट्स को प्रयागराज किले के इतिहास, सांस्कृतिक महत्व और पुरातात्विक विशेषताओं की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही मुगल सम्राट अकबर द्वारा किले के निर्माण, भारत की प्राचीन सभ्यता से इसके संबंध तथा सम्राट अशोक की गौरवशाली विरासत पर भी प्रकाश डाला ।

जनसंपर्क अधिकारी एवं प्रवक्ता विंग कमांडर देबार्थो धर के अनुसार यह शैक्षणिक भ्रमण राष्ट्र निर्माण योजना के उद्देश्यों के अनुरूप कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, ऐतिहासिक जागरूकता और राष्ट्रीय दायित्वबोध को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

### आईजीआरएस निस्तारण में औरैया पुलिस प्रदेश में नंबर-1, जुलाई रैंकिंग में हासिल किया पहला स्थान

**औरैया ।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में मुख्यमंत्री की जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण की मंशा के अनुरूप औरैया पुलिस ने समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जुलाई 2026 की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के मूल्यांकन में प्रदेश के सभी 75 जिलों में औरैया पुलिस शीर्ष स्थान पर रही। साथ ही जनपद के थाना कोतवाली औरैया, बिधूना, अछल्दा, सहायल, ऐरवाकटरा, सहार, बेला, अयाना, कुदरकोट, फफूंद तथा महिला थाना को शिकायतों के शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती के निर्देशन में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, ऑनलाइन पोर्टल, समाधान दिवस तथा उच्चाधिकारियों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया गया। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक ने आईजीआरएस सेल से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया तथा भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ जनसेवा करने के निर्देश दिए।

# श्रावण मास में 38,101 पार्थिव शिवलिंगों का रुद्राभिषेक, 38 दंपतियों ने किया पूजन

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, जौनपुर :** श्रावण मास के शुभारंभ के साथ ही भगवान शिव के मंदिरों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और विशेष पूजन-अर्चन का क्रम तेज हो गया है। उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर में रविवार को नगर स्थित बड़े हनुमान जी मंदिर परिसर में आचार्य रजनीकांत द्विवेदी (कथा व्यास) के सान्निध्य में 38,101 पार्थिव शिवलिंगों का भव्य रुद्राभिषेक एवं पूजन-अर्चन आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में 38 दंपतियों को विधि-विधान से विराजमान कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पार्थिव शिवलिंगों का पूजन कराया गया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पार्थिव शिवलिंग का पूजन एवं रुद्राभिषेक अत्यंत फलदायी माना जाता है।

श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का दुग्ध, जल, बेलपत्र, धतूरा एवं अन्य पूजन सामग्री से अभिषेक कर सुख-समृद्धि और लोककल्याण की कामना की। पूजन से पूर्व पार्थिव शिवलिंगों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। इसके बाद वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार रुद्राभिषेक का शुभारंभ हुआ। पूरे मंदिर परिसर में हर-हर महादेव और ओम नमः शिवाय के जयघोष से भक्तिमय वातावरण बना रहा। रुद्राभिषेक में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु, महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना कर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि एवं विश्व कल्याण की प्रार्थना की। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति एवं स्वयंसेवकों का विशेष सहयोग रहा।

## आपका राशिफल 03 अगस्त

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में संक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थाड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक 3 6 9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-7-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। शुभांक-3-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख आराम प्रभावित होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक 4 7 9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। धर्म कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-3-5-7

# प्रदेशभर में बारिश से जनजीवन प्रभावित

**नईदुनिया ब्यूरो, लखनऊः** उत्तर प्रदेश में रविवार से मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली। प्रदेश के 34 जिलों में बारिश दर्ज की गई, जबकि अनेक जिलों में दिनभर बादल छाए रहे। सुबह देवरिया, अंबेडकर नगर और जौनपुर में तेज वर्षा हुई, वहीं दोपहर बाद नोएडा, गाजियाबाद और बलिया में भी बारिश शुरू हो गई। संभल में लगभग एक घंटे के भीतर 10 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। गोरखपुर में रुक-रुककर बूंदाबांदी होती रही।



मौसम विभाग ने रविवार को प्रदेश के 57 जिलों के लिए वर्षा का अलर्ट जारी किया, जिनमें आठ जिलों में भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। विभाग के अनुसार सोमवार को प्रदेश के सभी 75 जिलों में वर्षा होने की संभावना है।

पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश का असर प्रदेश की नदियों पर भी दिखाई दे रहा है। गंगा, घाघरा और सरयू सहित 10 नदियां उफान पर हैं। बिजनौर में गंगा का पानी छह गांवों में प्रवेश कर गया है, जबकि 12 गांवों का संपर्क प्रभावित हुआ है। कई स्थानों पर सड़कों पर तीन से चार फीट तक पानी भर गया है, जिससे ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली और बैलगाड़ी के सहारे आवागमन कर रहे हैं। गंगा पुल के निकट राज्य राजमार्ग पर भी नदी का पानी बहने लगा है।

वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ने से कई घाटों की सीढ़ियां जलमग्न हो गई हैं और 50 से 60 मंदिरों तक पानी पहुंच गया है। उधर, बाराबंकी में एक विशाल अजगर द्वारा हिरण को निगलने की घटना भी सामने आई।

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 73.8 मिलीमीटर वर्षा सिद्धार्थनगर में दर्ज की गई। इसके अलावा महाराजगंज में 23.1 मिलीमीटर, कासगंज में 23 मिलीमीटर तथा बलरामपुर में 16.8 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

# तालाब में डूबने से तीन किशोरों की मौत

**महराजगंजः** उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले में रविवार को तालाब में नहाने गए तीन किशोरों की डूबने से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब चार दोस्त एक साथ तालाब में नहाने के लिए पहुंचे थे। इनमें से एक किशोर किसी तरह तैरकर बाहर निकल आया, जबकि तीन अन्य गहरे पानी में डूब गए।

पुलिस के अनुसार, पोखरा टोला निवासी राजबीर (13), नीतीश यादव (12), रोहन (13) और कृष्णा (15) रविवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे तालाब में नहाने गए थे। नहाने के दौरान चारों गहरे पानी की ओर चले गए और डूबने लगे। राजबीर किसी तरह तैरकर बाहर निकल आया और उसने तत्काल परिजनों तथा ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। स्थानीय गोताखोरों की सहायता से राहत एवं खोज अभियान शुरू किया गया। लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद तीनों किशोरों के शव तालाब से बाहर निकाले गए।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। मामले की जांच की जा रही है।

# बच्चे की पीटकर हत्या

गोरखपुर में बहन से छेड़खानी का विरोध करने पर 9 साल के बच्चे की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। 8 से 9 लड़कों ने पहचे दोनों बच्चों को रास्ते में घेरकर लाठी-डंडों से पीटा। जब परिवार के लोग पहुंचे तो उन पर भी पथराव किया। इसके बाद भाग गए। परिजनों ने पुलिस पर समय रहते कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। मामले में गांव के ही 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में लापरवाही बरतने पर पिपराइच थाना प्रभारी विवेक त्रिवेदी को एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23, 59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल (म.प्र.)

फोन:-0755-2761257 E-mail:-eenvda23@gmail.com

निविदा सूचना क्र. 08/व.ले.लि.-23/2026-27/1711 भोपाल, दिनांक: 30.07.2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

(प्रथम आमंत्रण)

ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये आनलाईन निविदायें नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

**निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है:-**

| स. क्र. | नि.आ. सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर की राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | ठेकेदारों की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 08 | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, के गीताज्जली काम्प्लेक्स, भोपाल में सी.सी.टी.व्ही निगरानी प्रणाली का एक वर्ष के लिए संचालन का कार्य। | Rs. 16.02 लाख (रू. सोलह लाख दो हजार) मात्र (जी. एस..टी रहित) | Rs.32,040.00 (रू. बत्तीस हजार चालीस मात्र) | Rs. 2,000.00 (रू. दो हजार मात्र) | लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत नवीन कोई भी श्रेणी | 01 वर्ष (वर्षाकाल सहित) |

1. **निविदा कार्य के प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि** — **दिनांक 14.08.2026, 17:30 तक**
2. **धरोहर राशि एवं अहर्ता दस्तावेज वेब साईट पर खोलने की अनुमानित तिथि** — **दिनांक 17.08.2026, 10:30**

निविदा प्रपत्र केवल उपरोक्त वेबसाईट से निविदा मूल्य डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर क्रय किये जा सकते है। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं संशोधन के लिये वेबसाईट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

जी-16608/26

**कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 23, 59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल**



## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)

e-mail (deo.mpedhbd@mp.gov.in)

### विज्ञप्ति

नर्मदापुरम, दिनांक....

आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश ग्वालियर के पत्र क्रमांक/9-लेखा/बजट /2025-26, ई-1163732/आई-1159911/2026 ग्वालियर दिनांक 13.07.2026 द्वारा कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला-नर्मदापुरम हेतु 03 वाहन अनुबंधित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त पत्र के पालन में सर्वसाधारण एवं टेक्सी परमिट धारिता वाले ट्रेवल्स एजेंसी / फर्म/ वाहनस्वामी की विशेष जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाता है कि, कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला-नर्मदापुरम के लिए संपूर्ण नर्मदापुरम जिले में आबकारी अपराध नियंत्रण, उपलंभन / प्रवर्तन कार्य हेतु 03 (तीन) चार पहिया वाहन अनुबंधित किया जाना है। वाहन अनुबंध की कार्यवाही गठित समिति द्वारा NIC के पोर्टल (https://mptenders.gov.in) के माध्यम से की जावेगी। वाहन अनुबंधित की कार्यवाही निम्न कार्यक्रम अनुसार संपन्न की जावेगी- **कार्यक्रम स्थल**- कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला-नर्मदापुरम, तवा भवन, कलेक्टोरेट कैम्पस, कोठी बाजार, नर्मदापुरम

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-टेण्डर हेतु ऑन-लाईन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि एवं समय | दिनांक **31.07.2026 को सायंकाल 06:00** बजे से दिनांक **14.08.2026 को अपरान्ह 12:00** बजे तक। |
| 2. | समिति द्वारा ई-टेण्डर खोलने एवं निराकरण किये जाने की तिथि एवं समय | दिनांक **14.08.2026 को अपरान्ह 12:05** से कार्यवाही पूर्ण होने तक। |

ई-टेण्डर के माध्यम से वाहन अनुबंध की प्रकिया, शर्ते एवं निर्बधन NIC के पोर्टल (https://mptenders.gov.in) से डाउनलोड की जा सकती है अथवा कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला-नर्मदापुरम में कार्यालयीन दिवस / समय में आकर प्राप्त की जा सकती है। टेक्सी परमिट धारिता वाले एजेंसी/फर्म/वाहनस्वामी ई-टेण्डर की प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। उक्त जानकारी पोर्टल (https://mptenders.gov.in) के होमपेज पर लाईव टेंडर के ऑप्शन के अंतर्गत आबकारी विभाग का चयन कर, एडवांस सर्च के माध्यम से जिले को सिलेक्ट कर जानकारी प्राप्त कर सकता है। **ई-टेण्डर की प्रक्रिया हेतु आवेदक का एमपी टेण्डर्स के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होना एवं डिजिटल सिग्नेचर होना अनिवार्य है।** ई-टेण्डर की प्रक्रिया हेतु पोर्टल में पंजीयन करने, भुगतान प्रक्रिया तथा ई-टेण्डर प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु टेंडरदाता NIC के पोर्टल के हेल्प डेस्क नम्बर 0120-4001 002, 0120-4001 005 अथवा 0120-4493395 पर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालयीन समय में जानकारी प्राप्त कर सकता है। साथ ही ई-मेल आई.डी. mptenders@mpsedc.com & support&eproc@nic-in पर सूचित कर आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकता है।

उपरोक्त जानकारी, जिला कलेक्टर नर्मदापुरम के कार्यालय के साथ-साथ, कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला-नर्मदापुरम व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कराई गई है।

जी-16610/26

**जिला आबकारी अधिकारी**
**जिला-नर्मदापुरम**